## सार-समाचार

### भालू ने दो व्यक्तियों को घायल किया

**उदयपुर, (कासं)।** फुलवारी की नाल अभयारण्य में एक भालू ने दो व्यक्तियों पर हमला कर दिया। घटना फलासिया पंचायत समिति के गांव धरावण स्थित फुलवारी की नाल अभयारण्य वनखंड क्षेत्र की है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार बुधवार देर शाम भालू ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इसमें मोतीलाल (35) पुत्र भीमराज खराडी तथा मोहनलाल (40) पुत्र कालू खराडी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल अपने बैल को खोजने जंगल में गए थे। भालू के सामने आते ही दोनों ने बचने की कोशिश की, लेकिन भालू ने हमला बोल दिया। वे वहां से जैसे-तैसे भागे। सबसे पहले दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलासिया में ले गए। यहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद उनको उदयपुर रेफर किया गया है। दोनों के सिर पर गंभीर चोट लगी है। साथ ही शरीर पर जगह चोट के निशान हैं। पानरवा वन क्षेत्र के रेंजर राजेश ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके पर सतर्क कर दिया गया है और आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। घायल मोतीलाल ने बताया कि एक सप्ताह पहले से बैल घर नहीं आया। रोज उसे खोज रहे थे। बुधवार की शाम को घर के पास ही पहाड़ी पर गए थे। शाम करीब साढे चार बजे बैल को खोज रहे थे। इस दौरान भालू ने मोहनलाल पर हमला कर दिया। मोतीलाल बचने के लिए भागा। इस दौरान भालू ने मोतीलाल के सिर पर हमला कर दिया।

### इनामी बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** भीण्डर थाना पुलिस ने बहुचर्चित मदनमोहन पाटीदार की हत्या हनीट्रेप मामले में दो हजार रूपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। वहीं एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार2फरवरी 2024 को पीडित कैलाशचंद्र पाटीदार निवासी बडाराजपुरा ने रिपोर्ट दी कि 1 फरवरी सवेरे मैना पुत्र मदनमोहन उर्फ टोनी घर से बाइक लेकर कानोड़ रेल्वे स्टेशन स्थित दुकान पर जाने के लिए निकला। जो वापस घर नहीं लौटा। फोन किया तो मोबाईल बंद था। दुकान पर ठहरने का सोच तलाश नहीं की। दूसरे दिन रशमी के फोन पर उसके पति मदन मोहन के फोन से कॉल कर मदनमोहन के भीण्डर चिकित्सालय में होने की जानकारी देते हुए फोन बंद कर दिया। मौके पर पहुंचा तो मदन मोहन की लाश पड़ी थी। मामले में हत्या कर प्रकरण दर्ज कर जांच पुलिस उपाधीक्षक राजेन्द्रसिंह को सौंपी। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में भीण्डर थानाधिकारी पूनाराम मय टीम ने आरोपी अल्ताफ हुसैन पुत्र अब्दुल हमीन निवासी कन्नौज भदेसर चित्तोड़गढ को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

### अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बांसवाड़ा पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर को गिरफ्तार कर 15 मोटरसाइकिलें बरामद की है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस ने तकनीकी संसाधनों सीसीटीवी फुटेज एवं सूचनाएं एकत्रित कर यह कामयाबी दर्ज कराई है। गत 13 जुलाई को बाबा बस्ती निवासी दीपक पुत्र नाथू लाल ने रात्रि में मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट राजतालाब थाने में दर्ज कराई थी। शहर में चोरी के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने प्रकरण का शीघ्र खुलासा कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसी क्रम में एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी गोपीचंद मीणा के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी देवीलाल एवं पुलिस जाब्ते की टीम गठित की गई। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज एवं आसूचनाएं संकलित कर संदिग्ध आरोपी अनिल पुत्र हकरू चरपोटा निवासी पाराहेड़ा थाना गढ़ी को डिटेन कर पूछताछ कि तो अनिल ने बांसवाड़ा शहर के कोतवाली एवं राजतालाब थाना क्षेत्र के साथ ही गुजरात के अहमदाबाद से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया।

### दुष्कर्म मामले में विरोध-प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** फतहपुरा क्षेत्र में स्थित निजी स्कूल में जिम ट्रेनर द्वारा 13 साल की छात्रा से दुष्कर्म के मामले में गुरुवार को यूथ कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों ने स्कूल गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल गेट के बाहर एकत्रित लोगों ने स्कूल प्रशासन के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर स्कूल के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि तीन दिन बाद भी आरोपी जिम ट्रेनर को क्यों गिरफ्तार नहीं किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंची, जिन्होंने स्कूल में बच्चियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्कूल का गेट बंद था। आक्रोशित लोग वहीं धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में ऐसी गंदी हरकत पर पेरेंट्स को स्कूल का बॉयकाट करना चाहिए। माहौल गरमाता देख डिप्टी कैलाशचंद्र, अंबामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी, बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित जाब्ते के साथ तैनात रहे। दिनभर स्कूल के बाहर माहौल को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहा।

### वैजा में साढ़े तीन इंच बारिश हुई

**डूंगरपुर, (निसं)।** गुरूवार को डूंगरपुर शहर में दिनभर की उमस के बाद लगभग एक घण्टे तक तेज मध्यम बारिश का दौर चलता रहा, जिसके कारण भितरी सड़कों पर तेज बहाव के साथ पानी बहने के कारण कई दुकानों की तलहटी को छूता हुआ निकला। इधर गुरूवार समाप्त 24 घण्टों में सर्वाधिक वर्षा वैजा में 90 मिमी (साढ़े तीन इंच) रिकॉर्ड की गई, जबकि अब तक सर्वाधिक वर्षा आसपुर में 887 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जानकारी के अनुसार देर शाम 3.45 बजे तेज बारिश का दौर शुरू हुआ, जो कि रूक-रूक कर कोई एक घण्टे से अधिक समय तक चलता रहा

## बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीन भागे

**उदयपुर, (कासं)।** सूरजपोल थाना क्षैत्र में बाइक सवार बदमाश व्यक्ति से मोबाईल व अन्यत्र सुखेर थाना क्षेत्र से बाइक सवार बदमाश युवती का मोबाईल छीन ले गए। सूरजपोल थाना पुलिस ने पीडित विक्रम सिंह पुत्र बलवंतसिंह राठौड़ तिलवाडा बालोतरा हाल उमरड़ा सांची ठुप हिरणमगरी की रिपोर्ट पर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिसमें उसने बताया कि मैं बस स्टेण्ड के पीछे गेट पर मोबाईल पर बातचीत कर रहा था। इस दौरान आए बदमाश मेरा मोबाइल छीन ले गए।मामले की जांच तेजसिंह एएसआई कर रहे है। इसी तरह सुखेर थाना पुलिस ने पीडिता रिषिका पुत्री सजीश कुमार गुप्ता निवासी सकीदो रोड़ शांतिनगर जिंद हरियाणा की रिपोर्ट पर बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पीडिता ने बताया कि 21 अगस्त को मैं सेलीब्रेशन मॉल के बाहर मोबाईल पर बातचीत कर रही थी। इस दौरान आए बाइक सवार बदमाश मोबाईल लूट ले गए।

# 'अंतिम छोर तक हर योजना का हो प्रभावी क्रियान्वयन'

- **जिला कलक्टर हसीजा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक की**

**राजसमंद, (निसं)।** जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग संबंधी अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे, जिनसे चर्चा करते हुए कलक्टर ने विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राजस्व अर्जन की स्थिति, म्यूटेशन एवं ऑटो म्यूटेशन, सीमा ज्ञान, गिरदावरी, खसरा खाता संबंधी सूचनाओं सहित पीडी एवं एफडी से जुडे बिंदुओं की प्रगति पर चर्चा की गई।

कलक्टर ने राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए आरटी अधिनियम की धारा 251ए, भूमि राजस्व अधिनियम की धारा 91 के अंतर्गत अतिक्रमण के मामले, धारा 183 (बी) की सूचनाएं तथा भूमि अवाप्ति से जुडे प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसी क्रम में राजकीय भूमि (खाता संख्या 1) से आवंटनध्निियमन एवं खातेदारी अधिकार से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में धारा 177 के अंतर्गत विचाराधीन प्रकरणों की स्थिति, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ भूमि आवंटन से जुडे लंबित प्रकरणों, जिला कार्यालय से कमी पूर्ति हेतु प्राप्त एवं जांच उपरांत भेजे गए प्रस्तावों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त भूमि परिवर्तन प्रकरण, फौजदारी मामलों से संबंधित मानचित्र, औसत फाइल निपटान समय, निपटाई गई फाइलों की संख्या एवं उच्च न्यायालय की अवमानना से जुडे मामलों की समीक्षा की गई। कलक्टर हसीजा ने कहा कि जनहित से जुडे सभी कार्य समयबद्ध रूप से संपादित किए जाएं, ताकि आमजन को समय पर राहत और सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक सरकारी योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और इसका लाभ समाज के अंतिम छोर तक बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचे। कलक्टर ने अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए पारदर्शिता बनाए रखें तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को इनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि राजस्व संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता बरतते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

## मधुमती पत्रिका का लोकार्पण

**उदयपुर,।** राजस्थान साहित्य अकादमी की ओर से प्रकाशित साहित्यिक मासिक पत्रिका मधुमती माह अगस्त, 2025 जनजातीय विशेषांक का लोकार्पण गुरूवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने किया। राजस्थान साहित्य अकादमी के सचिव एवं प्रबंध संपादक डॉ बसंतसिंह सोलंकी ने बताया कि अरावली ताज रिसोर्ट में आयोजित आदी कर्मयोगी अभियान रेस्पॉन्सिव गवर्नेंस प्रोग्राम के समापन अवसर पर मधुमती की प्रधान संपादक एवं प्रशासक व संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरानी के निर्देशन में पत्रिका का लोकार्पण हुआ। इस दौरान संपादक मंडल सदस्य डॉ. चन्द्रकांता बंसल, डॉ. आशीष सिसोदिया, डॉ. कीर्ति चूण्डावत, प्रबंध सहयोग राजेश मेहता, सहित टीएडी आयुक्त के. एल. स्वामी, माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ओ.पी जैन आदि मौजूद रहे।

## चौकीदार की अकाल मौत

**उदयपुर, (कासं)।** हिरणमगरी थाना क्षेत्र में चौकीदार की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हिरणमगरी थाना क्षेत्र गोगुन्दा हाल साकेत कॉम्प्लेक्स हिरणमगरी निवासी कालु पुत्र हीरा की अकाल मौत हो गई। कालु सवेरे पैदल पैदल सब्जी लेने जा रहा था।

जहां अचानक नीचे गिरने पर परिजन उसें उपचार के लिए चिकित्सालय ले गए।

**आम सूचना:** यह कि भूखण्ड स. 80, जो कि खसरा क्रमांक 2094 से 2103 व 2145 से 2151 ग्राम नेला सवीना, गिर्वा, उदयपुर, क्षे 2450 वर्ग फीट को नगर विकास न्यास द्वारा श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी श्री विजय लाल के हक में जरिये आवंटन पत्र क्र. 2673 दि. 27.03.2008 व पट्टा/ लीज डीड क्रमांक 1251 दि. 20.05.2008 द्वारा आवंटित किया था। ततपश्चात श्री गजेन्द्र प्रसाद ने उक्त को जरिये विक्रय पत्र दि. 25.01.2010 द्वारा क्रय कर अपने नाम जरिये नामांत्रण पत्र क्र. 179 दि. 11.05.2024 द्वारा हस्तान्तरण करवा लिया। ततपश्चात श्री गजेन्द्र प्रसाद ने उक्त के सम्बंध में समस्त कार्यवाही हेतु श्री विमल कुमार सुथार को मुख्त्यार जरिये मुख्त्याराआम दि. 23.10.2024 को नियुक्त कर दिया। ततपश्चात उक्त के मूल आवंटन पत्र व लीज डीड/ पट्टा गुम हो जाने पर थाना साईबर क्राईम में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। ततपश्चात उक्त को मुख्त्यार श्री विमल कुमार सुथार से श्री श्याम लाल यादव पुत्र हीरा लाल सुथार ने जरिये विक्रय पत्र दि. 14.12.2024 द्वारा क्रय कर लिया। अब श्री श्याम लाल यादव अपनी संस्थान Kartik Krishi Udhyog के साथ उक्त भूखण्ड स. 80 क्षे. 2450 वर्ग फीट को बंधक रख कर M/s CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED (CIFCL) से ऋण लिया जा रहा है। अतः उक्त के स्वामित्व के अथवा गुम हुए मूल आवंटन पत्र व लीज डीड/ पट्टा के सम्बंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज सात दिन में पेश करें। बाद मियाद CIFCL द्वारा उक्त को बंधक कर लिया जावेगा एवं आपत्ति अमान्य होगी। मनोज कुमार शर्मा (एडवोकेट)
आर.एम.बी.लॉ एसोसिएट्स 9660333985, 9079815511

## आम सूचना

मैं मेरे व्यवहारी श्री मोहम्मद अशफाक पिता अब्दुल अजीज, निवासी 196, खांजीपीर, मेन रोड नूरी चौक, उदयपुर गिर्वा द्वारा प्रदत्त अधिकारों से हर खास व आम को सूचित करता हूं कि मेरे व्यवहारी ने मनोहर कुंवर पत्नी स्व.श्री नारायण सिंह, निवासी उदयपुर (राज.) से पटवार क्षेत्र सवीना के मौजा ग्राम नेला, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर में स्थित है के आराजी संख्या 1374, 1375, 1376 व 1377 का कुल रकबा 0.2450 भूमि प्रत्येक को मेरे व्यवहारी के पक्ष में सौदा करना तय किया गया है। अब मेरे व्यवहारी व मनोहर कुंवर उक्त विक्रयशुदा भूमि के विक्रय विलेख का पंजीयन करवाना तय किया है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त संव्यवहार के बाबत् कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर-भीतर आवश्यक दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में आकर सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरा व्यवहारी अपने पक्ष में उक्त आराजीयात का पंजीयन करवाने का अधिकारी होगा।

स्थान:उदयपुर
दिनांक:28-08-2025

( मदन मेघवाल ) एडवोकेट
मोबाइल नं. 9982346469

## दो गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** मंदिरों और सूने मकानों में चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर दर्जनों घटनाओं का खुलासा किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गैंग का पर्दाफाश किया है।

इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में हो रही चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करने के लिये एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज के सुपरविजन तथा पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के निकट पर्यवेक्षण में सदर थानाधिकारी बुद्धाराम विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित करते हुए कार्रवाई की। जोशी ने बताया कि टीम ने मंदिरों व सूने मकानों को निशाना बनाने वाली घटनाओं का अध्ययन कर सीसीटीवी कैमरों से फुटेज वीडियो प्राप्त करते हुए तकनीकि अनुसंधान किया।

## कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )

क्रमांक/न.पा.ना./69 क/2025/10670 दिनांक:- 27.8.25

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुद्धा/पट्टा शुद्धा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री शुभम कुमावत/राम किशन कुमावत | फौज मौहल्ला, नाथद्वारा भूखण्ड क्षैत्र 879.06 वर्ग फीट | कैलाश जी व अन्य का मकान | लोकेश जी ओदिच्य का मकान | बाबूलाल जी कुमावत का मकान | फौज मौहल्ला से सिहांड होकर लाल बाग जाने वाली सड़क |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1545 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री विकास अग्रवाल पिता श्री कैलाशचन्द्र जी अग्रवाल निवासी-फतहनगरतह.मावली (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 23 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड संख्या 25 | भूखण्ड संख्या 22 | भूखण्ड संख्या 24 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -6 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 07 | भूखण्ड संख्या 05 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 26 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -7 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 08 | भूखण्ड संख्या 06 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 26 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -5 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 06 | भूखण्ड संख्या 04 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 27 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -9 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 10 | भूखण्ड संख्या 08 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 25 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -8 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 09 | भूखण्ड संख्या 07 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 26 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -04 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 05 | भूखण्ड संख्या 03 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 27 | 315 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1550 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री जगदीशचन्द्र शर्मा पिता श्री जमनालाल जी शर्मा निवासी-शिवसिंहजी का खेड़ा तह.मावली (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 2B त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 2-A | भूखण्ड संख्या 01-A | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05-B | 330 |
| 2. | श्री जगदीशचन्द्र शर्मा पिता श्री जमनालाल जी शर्मा निवासी-शिवसिंहजी का खेड़ा तह.मावली (2) श्री विजय कुमार शर्मा पिता श्री राजेन्द्र प्रसादजी शर्मा निवासी-फतहनगर, तह. मावली (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 4A त्रिमूर्ति आवासीय योजना उदयपुर-चित्तौड़गढ़, हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 4-B | भूखण्ड संख्या 34 | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05-B | 330 |
| | | भूखण्ड संख्या 4C त्रिमूर्ति आवासीय योजना उदयपुर--चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 4-D | भूखण्ड संख्या 4B | आम रास्ता 200 फीट | अन्य कृषि भूमि | 220 |
| | | भूखण्ड संख्या 4D त्रिमूर्ति आवासीय योजना उदयपुर--चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड सनवाड़ | अन्य कृषि भूमि | भूखण्ड संख्या 4C | आम रास्ता 200 फीट | अन्य कृषि भूमि | 110 |
| | | भूखण्ड संख्या 4B त्रिमूर्ति आवासीय योजना उदयपुर--चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 4-C | भूखण्ड संख्या 4A | आम रास्ता 200 फीट | भूखण्ड संख्या 05-B | 298 |
| 3. | श्री जगदीशचन्द्र शर्मा पिता श्री जमनालाल जी शर्मा (2) श्री विष्णु शर्मा पिता श्री गौतमलालजी शर्मा निवासी-शिवसिंहजी का खेड़ा तह. मावली (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 5B त्रिमूर्ति आवासीय योजना उदयपुर-चित्तौड़गढ़, हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | अन्य कृषि भूमि व भूखण्ड संख्या 5-A | भूखण्ड संख्या 01A | आम रास्ता 200 फीट | अन्य कृषि भूमि | 241 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1552 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्री सरोज खमेसरा पत्नि श्री रोशनलालजी खमेसरा निवासी सेक्टर-4 उदयपुर (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 03 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 04 | भूखण्ड संख्या 02 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 27 Facility Area | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या-02 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर-चित्तौड़गढ़, हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 03 | भूखण्ड संख्या 01 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 27 Facility Area | 315 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़, जिला-उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./2025-26/1544 दिनांक :- 28.8.2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थियों ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के **''पुश्तैनी'' एवं खरीदशुदा** मकान/भूखण्ड का **निर्माण स्वीकृति** चाहा गया है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी, तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | कॉलोनी/मोहल्ला | स्थित मकान/भूखण्ड के पड़ौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1. | श्रीमती लीलादेवी पत्नी श्री रतनलालजी (2) श्री नरेश प्रजापत पिता श्री रतनलालजी निवासी-सनवाड़ तह.-मावली (निर्माण स्वीकृति) | भूखण्ड संख्या 19 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फिट | भूखण्ड संख्या 25 | भूखण्ड संख्या 18 | भूखण्ड संख्या 20 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -13 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 14 | भूखण्ड संख्या 12 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 16 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -24 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या 25 | भूखण्ड संख्या 23 | आम रास्ता 30 फीट | 449 |
| | | भूखण्ड संख्या -22 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या 25 | भूखण्ड संख्या 21 | भूखण्ड संख्या 23 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -18 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या 25 | भूखण्ड संख्या 17 | भूखण्ड संख्या 19 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -25 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड सं. 18 से 24 | भूखण्ड संख्या 26 | भूखण्ड संख्या 9 व 17 | आम रास्ता 30 फीट | 1806 |
| | | भूखण्ड संख्या -20 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या 25 | भूखण्ड संख्या 19 | भूखण्ड संख्या 21 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -21 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या 25 | भूखण्ड संख्या 20 | भूखण्ड संख्या 22 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -17 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या 10,11 | भूखण्ड संख्या 16 | भूखण्ड संख्या 18 | 422 |
| | | भूखण्ड संख्या -12 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 13 | भूखण्ड संख्या 11 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 16 | 315 |
| | | भूखण्ड संख्या -16 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फीट | संलग्न प्लान अनुसार | संलग्न प्लान अनुसार | भूखण्ड संख्या 17 | 486 |
| | | भूखण्ड संख्या -14 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | भूखण्ड संख्या 15 | भूखण्ड संख्या 13 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 16 | 378 |
| | | भूखण्ड संख्या -15 त्रिमूर्ति ।। उदयपुर -चित्तौड़गढ़,हाईवेरोड फतहनगर, सनवाड़ | आम रास्ता 30 फीट | भूखण्ड संख्या 14 | उदयपुर चित्तौड़ हाईवे | भूखण्ड संख्या 16 | 420 |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, फतहनगर, सनवाड़